# FOGO कचरा संग्रहण सेवा:
# नया बिन रोल आउट

**प्रिय निवासियों और करदाताओं,**

सिटी आफ़ पैरामाटा में नई फूड ऑर्गेनिक्स और गार्डन ऑर्गेनिक्स (FOGO) कचरा संग्रहण सेवा शुरू की जा रही है। FOGO आपके जैविक कचरे के निपटान के लिए एक सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल तरीका प्रदान करेगी। यह आपके लाल ढक्कन वाले कूड़ेदान में जाने वाले कचरे की मात्रा को कम करने में मदद करेगी और आपके तीनों बिनों में अतिरिक्त संग्रहण क्षमता प्रदान करेगी।

## यह सेवा किसे मिलेगी?

सिटी आफ़ पैरामाटा में रहने वाले सभी निवासियों को FOGO सेवा मिलेगी।

- चरण 1 - 11 नवंबर 2024 से शुरू होगा। यह उन सभी निवासियों पर लागू होगा, जिनके अपशिष्ट का निपटान सिटी आफ़ पैरामाटा द्वारा किया जाता है, जो 30 या इससे कम आवासों वाले घरों, टाउनहाउसों और इकाई भवनों में रहते हैं।
- चरण 2 - काउंसिल 2025 से FOGO को लागू करने के लिए 30 से अधिक आवासों वाले इकाई भवनों के साथ काम करना शुरू करेगी।

## मुझे कौन से बिन मिलेंगे?

नई FOGO सेवा शुरू होने से पहले काउंसिल सभी कूड़ेदानों को बदल देगी। ये यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कूड़ेदान सही आकार के हों, उन पर सही संकेत हों और मरम्मत की लागत कम से कम हो। मौजूदा (पुराने) कूड़ेदानों को रीसाइकिल किया जाएगा। सभी निवासियों को निम्नलिखित के अलावा एक किचन कैडी भी मिलेगा।

**यदि आप 7 या इससे कम इकाइयों वाले आवास में रहते हैं (जैसे कि मकान, विला, टाउनहाउस या छोटी इकाइयाँ)**




तो आपको प्राप्त होगा:

- एक नया लाल ढक्कन वाला कचरा बिन (80L)*
  - जिसे **साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा**
- एक नया हरा ढक्कन वाला FOGO बिन (240L)
  - जिसे **11 नवंबर से साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा**
- एक नया पीला ढक्कन वाला रीसाइक्लिंग बिन (240L)
  - जिसे **पाक्षिक रूप से खाली किया जाएगा**

ध्यान रखें, यदि आप प्रॉपर्टी के मालिक हैं, तो आप **fogo@cityofparramatta.nsw.gov.au** पर संपर्क करके स्टैंडर्ड 80L वाले लाल बिन को बदलवा सकते हैं। लाल बिन की फीस और शुल्कों के लिए FOGO वेबपेज देखें।

यदि आप एक किरायेदार हैं और आपको 80 लीटर का लाल बिन मिला है तथा आप बड़ा बिन चाहते हैं, तो कृपया अपने प्रॉपर्टी मालिक या अधिकृत रियल एस्टेट एजेंट से बात करें।

**यदि आप 8 से 30 इकाइयों वाले आवास में रहते हैं (जैसे टाउनहाउस, विला या अपार्टमेंट)**

तो आपको प्राप्त होगा:

- **तीन घरों के बीच शेयर* करने के लिए** एक नया लाल ढक्कन वाला कचरा बिन (240L) - जिसे साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा
- **पांच घरों के बीच शेयर* करने के लिए** एक नया हरे ढक्कन वाला FOGO बिन (240L) - जिसे 11 नवंबर से साप्ताहिक रूप से खाली किया जाएगा
- **दो घरों के बीच शेयर* करने के लिए** एक नया पीला ढक्कन वाला रिसाइक्लिंग बिन (240L) - जिसे पाक्षिक रूप से खाली किया जाएगा

बिन की संग्रहण सीमाओं को ध्यान में रखते हुए इस अनुपात का उद्देश्य इकाई परिसरों के लिए अपशिष्ट उत्पादन की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

**नौ घरों की एक इकाई के लिए बिन सेट का उदाहरण।**




**यदि आपको लगता है कि बिन की कम संग्रहण क्षमता के कारण शेयर्ड कचरा बिन व्यवस्था या बिन की संख्या आपके इकाई परिसरों के लिए कारगर नहीं रहेगी, तो काउंसिल शेयर्ड बिन व्यवस्था का आकलन और समीक्षा कर सकती है। अधिकृत स्ट्रेटा प्रबंधक या ऑनर्स कॉरपोरेशन को ब्लॉक के सभी मालिकों और निवासियों की ओर से* ***fogo@cityofparramatta.nsw.gov.au*** *पर काउंसिल से लिखित रूप में अनुरोध करना होगा।*

## बिन रिप्लेसमेंट के दौरान क्या होगा?

### जुलाई के अंत से – अक्टूबर 2024 तक

- आपको नए लाल, पीले और हरे रंग के बिन दिए जाएंगे।
- जब तक आपके पुराने बिन हटा नहीं दिए जाते, तब तक अपने नए बिन का उपयोग न करें।
- आपके नए बिन की डिलीवरी के बाद के हफ़्तों में मौजूदा पीले और हरे रंग के बिन हटा दिए जाएँगे। उनके हटा दिए जाने के बाद, आप अपने नए बिन का उपयोग शुरू कर सकते हैं।
- 11 नवंबर FOGO के शुरू होने तक, हरे रंग के ढक्कन वाला बिन पाक्षिक शेड्यूल पर बना रहेगा।
- 11 नवंबर तक अपने हरे ढक्कन वाले बिन में खाद्य अपशिष्ट न डालें।



### सितंबर – नवंबर 2024

- आपका नया किचन कैडी और कंपोस्टेबल लाइनर्स आपको दे दिए जाएंगे।



### 11 नवंबर 2024

- FOGO का साप्ताहिक कचरा संग्रहण शुरू होगा।
- FOGO किचन कैडी का उपयोग करके खाद्य अपशिष्ट को अलग करना शुरू करें और उसके बाद उसे हरे ढक्कन वाले FOGO बिन में खाली करें।
- अपने FOGO और लाल ढक्कन वाले कूड़ेदान को साप्ताहिक रूप से खाली किए जाने के लिए सड़क के किनारे रखें।

### 11 नवंबर 2024 से

- पुराने लाल ढक्कन वाले कूड़ेदानों को रीसाइकिलिंग के लिए हटाया जाएगा। उनको हटा दिए जाने के बाद आप अपने नए लाल ढक्कन वाले कूड़ेदान का उपयोग शुरू कर सकते हैं।

## बिन रिप्लेसमेंट के दौरान क्या होगा?

जब तक आपके पुराने कूड़ेदान हटा नहीं दिए जाते, तब तक अपने नए कूड़ेदानों का उपयोग न करें। अपने संग्रहण कार्यक्रम के अनुसार अपने पुराने कूड़ेदानों को बाहर रखना जारी रखें। जुलाई – अक्टूबर से, हरे और पीले कूड़ेदानों को उनके खाली किए जाने के सप्ताहों में हटा दिया जाएगा। आपके पुराने कूड़ेदान हटा दिए जाने के बाद, आप अपने नए कूड़ेदानों का उपयोग शुरू कर सकते हैं। आपका लाल ढक्कन वाला कूड़ादान 11 नवंबर के बाद हटा दिया जाएगा। इसके हटा दिए जाने के बाद आप अपने नए लाल ढक्कन वाले कूड़ेदान का उपयोग शुरू कर सकते हैं।

## मैं अपने नए कूड़ेदानों का उपयोग कब शुरू करूँ?

पुराने कूड़ेदान हटा दिए जाने के बाद, आप अपने नए कूड़ेदानों का उपयोग शुरू कर सकते हैं। याद रखें, 11 नवंबर से शुरू होने वाले FOGO तक, अपने हरे ढक्कन वाले FOGO बिन में खाद्य अपशिष्ट न डालें।

## यदि नए कूड़ेदान डिलीवर कर दिए जाते हैं और मौजूदा कूड़ेदान हटाए नहीं जाते हैं, तो क्या होगा?

रिप्लेसमेंट प्रक्रिया जुलाई के अंत से नवंबर 2024 के अंत तक चलेगी, जिसमें मौजूदा बिन एकत्रण कार्यक्रम का उपयोग किया जाएगा। पैरामाटा काउंसिल क्षेत्र के आकार को देखते हुए, जब तक हम डिलीवरी और एकत्रण से संबंधित काम पूरा कर रहे हैं, आपके मौजूदा (पुराने) और नए बिन अस्थायी रूप से आपकी साइट पर मौजूद हो सकते हैं। हम जानते हैं कि यह विशेष रूप से ऐसे इकाई भवनों में बिन संग्रहण चुनौतियाँ प्रस्तुत कर सकता है जहां स्थान सीमित है। हम इन्हें जल्द से जल्द हटाने पर काम करेंगे, हालाँकि यदि वे एक समस्या बन रहे हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें और हम बिन हटाने को प्राथमिकता दे सकते हैं।

हम जानते हैं कि यह हमारे समुदाय के लिए एक बड़ा बदलाव है और हम सभी व्यवधान को कम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम आपके धैर्य और समझदारी की सराहना करते हैं।

किसी भी तरह की पूछताछ के लिए, कृपया **fogo@cityofparramatta.nsw.gov.au पर ईमेल करें या (02) 9806 5050 पर कॉल करें।**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया **cityofparramatta.nsw.gov.au/fogo** पर जाएं।

अभिवादन,
**सिटी ऑफ़ पैरामाटा अपशिष्ट और सफाई टीम**

काउंसिल, इकाई परिसरों के लिए FOGO शैक्षणिक सामग्री जैसे बिन बे साइन और पोस्टर बनाएगी, कृपया QR कोड को स्कैन करके अपनी रुचि दर्ज करें और हम उनके उपलब्ध होने पर उन्हें आप तक पहुँचाएंगे।